NATIONAL HOUSING BANK

Azadi Ka Amrit Mahotsav

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांक: 01-अगस्त-2023

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शहरी अवसंरचना विकास निधि पर पटना, बिहार में लोकसंपर्क कार्यक्रम: "जनता से जुड़ना"

राष्ट्रीय आवास बैंक ने दिनांक 31-07-2023 को पटना, बिहार में भारत सरकार के "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के एक भाग के रूप में "जनता से जुड़ना" विषय पर एक लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। रा.आ.बैंक के लोकसंपर्क कार्यक्रम में श्री अरुणीश चावला, अपर मुख्य सचिव, शहरी विकास एवं आवास विभाग (यूडी और एचडी), बिहार सरकार, श्री अरविंद कुमार चौधरी, प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार, श्री सुनील कुमार यादव, अपर सचिव, यूडी और एचडी, बिहार सरकार, श्री मनोज कुमार, अपर सचिव, यूडी और एचडी, बिहार सरकार एवं श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक ने शामिल हो कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस कार्यक्रम में 6 नगर परिषदों के नगर आयुक्तों, राज्य भर में 8 नगर परिषदों के कार्यकारी अधिकारियों और यूडी एंड एचडी और वित्त विभाग, बिहार सरकार के विभिन्न निदेशक स्तर के अधिकारियों सहित 35 राज्य अधिकारियों ने सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) की बारीकियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। वक्ताओं ने टियर 2 और टियर 3 शहरों में बढ़ते शहरीकरण और संबंधित अवसंरचना विकास की चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने यूआईडीएफ के तहत धन के उपयोग के लिए राज्य सरकार और रा.आ.बैंक को समन्वय में कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

NATIONAL HOUSING BANK
शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) पर लोकसंपर्क कार्यक्रम
शहरी अवसंरचना
विकास निधि (यूआईडीएफ) पर
लोकसंपर्क कार्यक्रम
Outreach Programme on
Urban Infrastructure
Development Fund (UIDF)
31 जुलाई, 2023
पटना, बिहार